# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–03.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- मइयां सम्मान योजना को लेकर छह जनवरी को रांची में आयोजित होगा राज्यस्तरीय कार्यक्रम, मुख्यमंत्री लाभुकों के खाते में ट्रांसफर करेंगे राशि, उपायुक्त ने तैयारियों का लिया जायजा।
- झारखंड हाईकोर्ट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की एफआईआर पर हुई सुनवाई, अदालत ने तीन हफ्ते में ईडी अधिकारियों से मांगा जवाब।
- रांची के सिरमटोली फ्लाईओवर के लिए सात से सोलह जनवरी तक रेलवे लेगा ब्लॉक, कई ट्रेनें रद्द, कइयों के मार्ग में परिवर्तन।
- राज्य में कड़ाके की ठंड से जनजीनव प्रभावित, रांची में कांके का पारा गिरकर चार दसमलव चार डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा, पांच जनवरी से मिल सकती है राहत।
- हॉकी इंडिया लीग में ओडिशा के राउरकेला में यूपी रुद्राज ने सूरमा हॉकी क्लब को शून्य के मुकाबले तीन गोल से हराया।

*******************

मंईयां सम्मान योजना को लेकर छह जनवरी को रांची के नामकोम स्थित आर्मी मैदान में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन डीबीटी के माध्यम से लाभुकों के खाते में राशि ट्रांसफर करेंगे। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और तैयारियों की समीक्षा की। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा ईडी अधिकारियों के खिलाफ एससी–एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामले की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने मामले में मुख्यमंत्री की ओर से दाखिल जवाब पर ईडी के अधिकारियों से उत्तर मांगा। ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते का समय मांगा जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। हाईकोर्ट ने ईडी अधिकारियों को पूर्व में दी गयी राहत को भी बरकरार रखा है।

*******************

राज्य के उत्पाद और मद्य निषेध मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने देशी शराब के उत्पादकों के साथ बैठक कर कई दिशा निर्देश दिये हैं। बैठक के बाद मंत्री ने पत्रकारों को बताया कि राज्य में आठ देसी शराब उत्पादक कंपनियां हैं लेकिन पर्याप्त मात्रा में देसी शराब की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि इससे राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। श्री प्रसाद ने कहा कि अगर स्थानीय कंपनियां जरुरत की पूर्ति नहीं कर पायेगी तो सरकार दूसरे राज्यों से देसी शराब की आपूर्ति करायेगी।

*******************

रांची के सिरमटोली–मेकॉन फ्लाईओवर में केबल स्टे ब्रिज बनाने के लिए रेलवे की ओर से सात से सोलह जनवरी तक ब्लॉक मिलेगा। इसके लिए शिड्यूल तय हो गया है। सात से बारह जनवरी तक चार घंटे का ब्लॉक मिलेगा जबकि तेरह से सोलह जनवरी तक दो–दो घंटे का ब्लॉक मिलेगा। ब्लॉक लिये जाने के कारण 16 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है और कई ट्रेनों के मार्ग परिवर्तित किए गए हैं।

*******************

ट्रेनों में इस्तेमाल की जाने वाली चादर–बेडशीट की साफ–सफाई हमेशा से बड़ा मुद्दा रही है। इसके लिए धनबाद रेल मंडल ने अपनी क्षमता को और विकसित किया है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्य भर में कड़ाके की ठंड पड़ने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। सर्द हवाओं के कारण एक सप्ताह में तापमान में करीब सात डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आयी है। गुरुवार को रांची के कांके में पारा चार दसमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले दो दिनों तक कड़ाके की ठंड पड़ती रहेगी। पांच जनवरी के बाद न्यूनतम तापमान में वृद्धि के आसार हैं, जिससे थोड़ी राहत मिल सकती है।

*******************

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार की घोषणा कर दी गई है। सबसे युवा शतरंज विश्व चैम्पियन डी. गुकेश, एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर, लगातार दो ओलंपिक पदक विजेता पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को इस साल देश का सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेलरत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

*******************

झारखंड की महिला हॉकी खिलाड़ी और भारतीय हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड से नवाजा जायेगा। सलीमा झारखंड की पहली महिला और दूसरी हॉकी खिलाड़ी हैं, जिन्हें अर्जुन अवार्ड के लिए चुना गया है। सलीमा की इस उपलब्धि पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत अन्य खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा है कि सलीमा टेटे ने झारखंड का मान बढ़ाया है।

*******************

हॉकी इंडिया लीग में कल रात ओडिशा के राउरकेला में यूपी रुद्राज ने अपने दूसरे मैच में सूरमा हॉकी क्लब को तीन–शून्य से हरा दिया। इस जीत के साथ ही यूपी रुद्राज छह अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है।

*******************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने रांची सदर सीओ के घूस लेते गिरफ्तार होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– जमीन के सीमांकन के लिए 37 हजार घूस लेते रांची अंचल के सीओ मुंशी राम गिरफ्तार।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– मनु भाकर समेत चार को खेल रत्न, सलीमा को अर्जुन अवार्ड।

प्रभात खबर के शब्द हैं– झारखंड की बेटी सलीमा टेटे को अर्जुन पुरस्कार।

दैनिक जागरण लिखता है– सर्वे रिपोर्ट में संभल की जामा मस्जिद में मंदिर होने के मिले साक्ष्य।

और रांची एक्सप्रेस की सुर्खी है– कैमरुन से सभी 47 श्रमिकों की हुई सुरक्षित वापसी।

*******************